**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार एकांश**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**रविवार 13.10.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।**
- **ऊधमसिंह नगर के खुरपिया फार्म में निर्माणाधीन एम्स सेटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।**
- **सरकार ने प्रदेश के स्कूलों में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के लिए स्क्रीनिंग कमेटी गठित की।**
- **भारत–कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काज़िंद– 2024 का 8वां संस्करण चमोली जिले के औली स्थित सूर्या विदेश प्रशिक्षण नोड में संपन्न हुआ।**

## दशहरा महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। चंपावत जिले के सीमांत क्षेत्र तामली में आयोजित दशहरा महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार, राज्य के मेलों, त्योहारों और लोक कलाओं को संरक्षित करने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और अपने रीति–रिवाजों से परिचित कराते हैं। श्री धामी ने कहा कि तामली में बागवानी की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र को आदर्श बनाना सरकार का लक्ष्य है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधायक निधि से तामली रूपाली गाड़ सड़क निर्माण के लिए 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चंपावत जिले में चल रही सभी योजनाएं जल्द ही धरातल पर लागू की जाएंगी। इस मौके पर श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में जमीन और लव जिहाद करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एम्स

ऊधमसिंह नगर के किच्छा स्थित खुरपिया फार्म में निर्माणाधीन एम्स सेटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। निर्माणाधीन एम्स सेटेलाइट सेंटर के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ये जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उधमसिंह नगर में एम्स सेटेलाइट सेंटर के संचालन से आसपास के क्षेत्रों की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यदायी संस्था ने बताया कि राष्ट्रीय प्रबंधन प्राधिकरण के मानकों के अनुसार 351 करोड़ रुपये की लागत से 100 एकड़ भूमि में 280 बेड का प्री–फैब्रिकेटेड अस्पताल बनाया जा रहा है, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आईसीयू, ओपीडी, आईपीडी, नर्सिंग हॉस्टल और आवासीय भवनों का निर्माण किया जाएगा।

## गंगनहर

उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की ओर से हरिद्वार के रुड़की स्थित गंगनहर को सफाई और मरम्मत के लिए 20 दिन के लिए बंद किया गया है। हरकी पैड़ी पर गंगाजल नहीं होने से श्रद्धालु निराश होकर वापस लौट रहे हैं। श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए हर की पैड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था गंगा सभा के पदाधिकारियों ने प्रशासन से जल्द पर्याप्त जल उपलब्ध कराने की मांग की है। इस पर संबंधित अधिकारियों का कहना है कि हर की पैड़ी में लगातार 200 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा, ताकि तीर्थयात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## अनिवार्य सेवानिवृत्ति

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के स्कूलों में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के लिए स्क्रीनिंग कमेटी गठित कर दी है। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा निदेशक लीलाधर व्यास ने ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों और मंडलीय अपर निदेशकों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी 50 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षकों और कार्मिकों की कार्य क्षमता का आकलन कर रही है, जिसके आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## संयुक्त सैन्य अभ्यास काज़िंद

भारत–कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काज़िंद– 2024 का 8वां संस्करण आज चमोली जिले के औली स्थित सूर्या विदेश प्रशिक्षण नोड में संपन्न हुआ। ये अभ्यास 30 सितंबर से 13 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया। संयुक्त अभ्यास के समापन समारोह में कजाकिस्तान सेना के के उप प्रमुख कर्नल डी खमितोव, कजाकिस्तान सेना के दक्षिणी कमान के क्षेत्रीय बल कमांडर कर्नल नुरलान करिबयेव और ब्रिगेडियर उपिंदर पाल सिंह, कमांडर 116 इन्फैंट्री ब्रिगेड ने भाग लिया। काज़िंद अभ्यास भारत और कजाकिस्तान में वैकल्पिक रूप से आयोजित एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन और भारतीय वायु सेना के अलावा अन्य सेवाओं के कर्मियों द्वारा किया गया था। अभ्यास काज़िंद – 2024 का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय 8 के तहत एक उप पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना था।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 109

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज अल्मोड़ा के क्वारब में राष्ट्रीय राजमार्ग–109 का निरीक्षण किया। क्वारब में लगातार मलबा आने से सड़क बाधित हो रही है। उन्होंने टीएचडीसी के भूगर्भ वैज्ञानिकों से भी जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को मार्ग के ट्रीटमेंट तथा स्थायी समाधान के लिए जल्द डीपीआर तैयार करने को कहा। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने कहा कि सड़क के स्थायी समाधान के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि सड़क बंद होने से कुमाऊं के तीन जिलों का यातायात प्रभावित हुआ है।

## योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देहरादून के जौलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल में भर्ती अपनी मां सावित्री देवी से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। अस्पताल में भर्ती उनकी माता को लेकर हिमालयन अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर हेम चन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की माता पिछले पांच दिनों से अस्पताल में भर्ती है जिनकी आंख में परेशानी होने की वजह से उनका उपचार चल रहा है।

## डेंगू

हरिद्वार में डेंगू का खतरा बना हुआ है। अब तक 17 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। विभाग ने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और गंदगी न करने की अपील की है।

## पार्किंग

जिला प्रशासन पार्किंग सुविधा बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसके मद्देनजर दो स्वचालित और एक सामान्य पार्किंग तैयार की जा रही है। ये पार्किंग स्थल अगले चार महीने में बनकर तैयार हो जाएंगी और वाहन

सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक से लैस होंगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने पार्किंग निर्माण की जिम्मेदारी ग्रामीण निर्माण विभाग को सौंपी है।

## आग

हरिद्वार के चंडी घाट के पास झोपड़ियों में आग लगने की खबर है। एक दर्जन से ज्यादा झोपड़ियों के आग की चपेट में आने से उनमें रखा सामान जलकर राख हो गया। आग में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक झोपड़ी में चूल्हे पर खाना बनाए जाने के दौरान ये घटना घटी है।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता

टिहरी जिले के बौराड़ी स्टेडियम में विद्यालय शिक्षा विभाग की 22वीं राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। विभिन्न वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में पहले दिन अंडर–14 और अंडर–19 में उधमसिंह नगर और अंडर–17 में चमोली जिले की टीम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में सभी जिलों की टीमों के अलावा महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून की टीम भी शिरकत कर रही है। 15 अक्तूबर को प्रतियोगिता का समापन होगा।

## संयुक्त राष्ट्र दिवस

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों, राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से इस महीने की 24 तारीख को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय भवन, राज भवनों, राज निवासों, विधान परिषद भवनों, विधानसभाओं और उच्च न्यायालयों पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज नहीं लगाया जाएगा।